वर्ष-01, अंक-322
छपरा
26 सितम्बर गुरूवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# बिहार में नहाने के दौरान 18 लोग डूबे:औरंगाबाद में 8 बच्चों की मौत

### पटना में बच्ची का मिला शव, मोतिहारी में मां-बेटी डूबी



**औरंगाबाद,एजेन्सी।** बिहार के अलग-अलग जिलों में 18 लोग तालाब में डूब गए हैं। इनमें 14 लोगों की मौत हो गई। इनमें 10 बच्चे शामिल हैं। औरंगाबाद में दो अलग-अलग जगह पर 8 बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक की तलाश जारी है।

पटना के बिहटा में सोन नदी में 4 लोग डूब गए। इसमें एक बच्ची का शव मिला है। 3 लोगों की तलाश जारी है। वहीं, मोतिहारी के अलग-अलग घटनाओं में मां-बेटी समेत 5 लोगों की डूबने से मौत हो गई है। सभी जिलों में जितिया पर्व पर तालाब में नहाने के दौरान हादसा हुआ है।

**औरंगाबाद में नहाने के दौरान 9 बच्चे डूबे, 8 की मौत :** औरंगाबाद में पहला मामला मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के कुशहा गांव का है, जहां 4 बच्चे आहर (तालाब) में नहाने गए थे। मृतकों में वीरेंद्र यादव की बेटी सोनाली कुमारी(15), जुगल किशोर यादव की बेटी नीलम कुमारी(12), उपेंद्र यादव के बेटे पंकज कुमार (8), सरोज यादव की बेटी राखी कुमारी(15) की डूबने से मौत हो गई।

जबकि दूसरा मामला बारूण थाना क्षेत्र के इटहट गांव का है। यहां 5 बच्चे तालाब में नहाने गए थे। मृतकों में गौतम सिंह की दो बेटी अंकु कुमारी(11) और निशा कुमारी(10), गुड्डू सिंह की बेटी चुलबुली कुमारी(12), मनोज सिंह की बेटी लाजो कुमारी(10) की मौत हो गई। एक की तलाश अभी जा रही है।

**परिजनों में मचा कोहराम :** वहीं घटना के बाद मृतक बच्चों के परिवार में कोहराम मच गया है। दोनों घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई है। बताया जाता है कि जितिया पर्व को लेकर बुधवार की शाम सभी लोग स्नान करने गए थे। तभी तालाब के खाई में चले गए। इसके कारण 8 बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

**SDRF की टीम तलाश में जुटी :** बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद हलकोरिया चक गांव के 4 लोग सोन में नहादे के दौरा डूब गए। एक बच्ची का शव मिला है, जबकि 3 लोगों की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान अमनाबाद गांव के शिवनारायण राय की बेटी अंजली कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, ललिता देवी, सोनी कुमारी और तरेगनी कुमारी की तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी है।

# कांग्रेस को लाने का मतलब 'विकास' को दांव पर लगाना

**पीएम मोदी बोले-**

- कांग्रेस आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी
- कर्नाटक-हिमाचल में ये आपस में लड़ रहे



**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत के गोहाना में रैली की। मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी। कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मचा हुआ है। कर्नाटक में इनके सीएम और डिप्टी सीएम लड़ रहे हैं। यही हाल हिमाचल और तेलंगाना में है। यहां कांग्रेस को लाने का मतलब हरियाणा के विकास को दांव पर लगाना है। प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले पहले सीएम भूपेंद्र हुड्डा की अगुआई वाली कांग्रेस सरकार के वक्त दलितों पर अन्याय का मुद्दा उठाया। इसके अलावा बिना नाम लिए सिरसा सांसद कुमारी सैलजा के साथ कांग्रेस में हो रहे व्यवहार पर भी सवाल खड़े किए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस आतंक और अलगाववाद को हवा देना चाहती है। कांग्रेस को शांति पसंद नहीं, इसलिए जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को वापस लाना चाहती है। पीएम ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार को पालने-पोसने वाली बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस ने जहां कदम रखा, वहां करप्शन और भाई-भतीजावाद पक्का है। मोदी ने कहा कि हरियाणा के युवाओं और किसानों का भविष्य बीजेपी सरकार में ही सुरक्षित है। पिछले 10 साल में यहां की सरकार पर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं हैं। मोदी बोले कि किसानों के फायदे के लिए विदेश से आयात होने वाले तेल पर टैक्स लगा दिया है।

**कार्थी पर भड़के पवन कल्याण:**

# तिरूपति लड्डू विवाद पर दिए बयान पर कहा- संवेदनशील मुद्दे पर बोलने की हिम्मत मत करना, एक्टर ने मांगी माफी





**अमरावती,एजेन्सी।** आंध्र प्रदेश का श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरूपति मंदिर), प्रसाद के रूप में बांटे जाने वाले लड्डू में चर्बी मिलने से विवादों में है। इसी बीच साउथ एक्टर कार्थी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो लड्डू पर बने मीम पर बात करने से झिझकते हुए कह रहे हैं कि ये संवेदनशील मुद्दा है इस पर बात नहीं करनी चाहिए। कार्थी का वीडियो सामने आने के बाद पवन कल्याण ने फिल्मी कलाकारों को संवेदशनशील मुद्दों पर न बात करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर बोलने की हिम्मत मत करना। विवाद बढ़ता देख अब कार्थी ने पवन कल्याण से माफी मांग ली है।

**कार्थी के किस बयान पर भड़के पवन कल्याण :** साउथ एक्टर कार्थी 23 सितंबर को हैदराबाद में हुए एक इवेंट का हिस्सा बने थे। इस दौरान उन्हें कुछ मीम्स दिखाए गए थे। उन मीम्स में से एक मीम लड्डू पर बना था। आगे कार्थी से पूछा गया कि क्या उन्हें लड्डू चाहिए, इस पर एक्टर ने कहा, हमें इस वक्त लड्डू पर बात नहीं करना चाहिए। ये एक सेंसिटिव मुद्दा है और मैं इस पर बात नहीं करना चाहता हूं।

कार्थी का बयान सामने आने के बाद एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कार्थी को फटकार लगाते हुए ऐसे बयान देने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री को बता रहा हूं कि यदि आप इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं तो सम्मानपूर्वक करें। वर्ना बात ही मत करें। अगर आप इसका मजाक बनाएंगे या मीम्स बनाएंगे, तो लोग आपको माफ नहीं करेंगे। ये कई लोगों के लिए दर्दनाक है। आप लड्डू पर मजाक कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा है, मैंने देखा है कि कल एक फिल्मी इवेंट में इसके बारे में कैसे बात की गई थी। लड्डू को संवेदनशील मुद्दा कहा था। आज के बाद ऐसा कोई भी न कहे। दोबारा ऐसा कहने की हिम्मत भी मत करना। मैं आपकी बतौर एक्टर इज्जत करता हूं, लेकिन जब बात सनातन धर्म की आती है तो आपको एक शब्द कहने से पहले 100 बार सोच लेना चाहिए।

**कार्थी ने मांगी पवन कल्याण से माफी**

पवन कल्याण का बयान सामने आने के बाद कार्थी ने सोशल मीडिया पर उनसे माफी मांगी है। उन्होंने लिखा है, डियर पवन कल्याण सर, आपके लिए बहुत सम्मान है। मैं अनजाने में हुई किसी भी गलतफहमी के लिए माफी मांगता हूं। भगवान वेंकटेश्वर का भक्त होने के नाते में हमेशा अपने ट्रेडिशन को मानता हूं।

# देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

### कर्नाटक एचसी के जज के बयान से सीजेआई ने जताई असहमति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जजों को हिदायत दी कि वे किसी समुदाय पर कमेंट करते वक्त लापरवाही ना बरतें। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के विवादित कमेंट का मामला सुन रही थी जिसमें जज ने बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कह दिया था। सीजेआई ने कहा कि आप देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा के इस कमेंट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले की सुनवाई शुरू की।

# जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड के लिए हम सड़क पर उतरेंगे

### राहुल बोले-राज्य का दर्जा छीनकर यूटी बना दिया,भारत के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ



**श्रीनगर (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू में कहा कि अगर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया तो इंडिया ब्लॉक संसद के अंदर अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा और जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी उतरेगा। राहुल यहां एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब 2019 में जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटा गया था, तो यहां के लोगों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि हमने किसी राज्य का राज्य का दर्जा छीन लिया हो और उसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया हो। यह तीन हफ्तों में राहुल गांधी का तीसरा जम्मू-कश्मीर दौरा है।

इसके पहले 4 सितंबर को उन्होंने बनिहाल और दूरू का दौरा किया था, वहीं 23 सितंबर को वे सुरनकोट और सेंट्रल-शाल्टेंग आए थे। आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। हम चाहते थे कि चुनाव से पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए बारामूला में राहुल ने कहा- हम चाहते थे कि चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए।

**जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड दिलाने की मांग-** हिंदुस्तान में पहले यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। बहुत बार हुआ है कि यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। स्टेट के दो भाग भी किए हैं। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ निकाला गया। झारखंड बिहार में से बनाया गया, लेकिन पहली बार किसी स्टेट को यूटी बनाया गया। आपका लोकतांत्रिक हक आपसे छीना गया है। यह हिस्ट्री में पहली बार हुआ है। हमारी मांग है कि एक बार फिर आपको स्टेट का हक दिया जाए। नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू किया। छोटे बिजनेसमैन को इन्होंने खत्म किया। इससे हिंदुस्तान में कहीं भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। यही हालात जम्मू-कश्मीर में है। आज बाहर के लोग यहां का फैसला लेते हैं। आपकी सरकार को चलाने में आपकी आवाज ही नहीं है।

# आरएसएस चूहे की तरह घुसपैठ कर झारखंड को बर्बाद कर रहा




**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संघ की तुलना चूहे से की है। न्यूज एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने राज्य के लोगों से कहा कि आरएसएस चूहे की तरह राज्य में घुसपैठ कर उसे बर्बाद कर रहा, उन्हें अपने गांवों से भगाएं। साहिबगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी सामाजिक अराजकता पैदा करने के लिए हिंदू और मुस्लिम के बीच नफरत के बीज बो रही है। झारखंड की जनसांख्यिकी में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# बदलापुर की इस घटना को एनकाउंटर मानना मुश्किल

### हाईकोर्ट बोला-रिपोर्ट बताती है गोली सिर पर मारी,सेल्फ डिफेंस में तो पैर पर गोली चलाते हैं



**मुंबई (एजेंसी)।** ठाणे के बदलापुर में नर्सरी की दो बच्चियों के साथ यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सवाल उठाए। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा- हम कैसे मान लें कि 4 अफसर एक आरोपी को संभाल नहीं पाए। हथकड़ी भी लगी थी, अगर सेल्फ डिफेंस जैसी स्थिति थी तो आरोपी के पैर पर गोली मारते हैं, सिर में नहीं। बेंच ने कहा- अगर गोली चलाने वाला अफसर असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर है, तब वह यह नहीं कह सकता कि उसे रिएक्ट कैसे करना है, इसकी जानकारी नहीं थी। उसे पता होना चाहिए कि फायर कहां करना है। कोर्ट ने कहा- जैसे ही आरोपी ने ट्रिगर दबाया 4 लोग आसानी से उस पर काबू पा सकते थे। वो कोई बहुत मजबूत आदमी नहीं था। यह स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। इसे एनकाउंटर नहीं कहा जा सकता है। अक्षय के पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाकर एनकाउंटर की सीबीआई से जांच की मांग की है।

# कृषि कानूनों की वापसी वाले बयान पर कंगना की माफी

### बोली-मैं अब सिर्फ कलाकार नहीं, राजनेता भी, अपने शब्द वापस लेती हूं



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश से बीजेपी सांसद एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कृषि कानूनों को लेकर दिए बयान पर माफी मांग ली है। कंगना ने कहा- यदि मैंने अपने बयान से किसी को डिसअपॉइंट किया हो तो मैं अपने शब्द वापस लेती हूं। कंगना ने अपने बयान पर सफाई तब दी है जब उनके बयान को लेकर विपक्ष बीजेपी को घेरने में लगा था। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच आए कंगना के बयान से भाजपा ने भी कि किनारा कर लिया था।

# बक्सर में ड्रैगन फ्रूट की खेती, लाखों का मुनाफा: 25 दिनों में 5 क्विंटल फल

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिले के तिवारीपुर के एक किसान ने विदेशों में होने वाली ड्रैगन फ्रूट को बिहार के धरती पर उगाया है। इसकी खेती से वो महीना में लाखों की कमाई कर रहे हैं। किसान ने खेती की शुरूआत तीन साल पहले किया था जो पिछले दो सालों से फल दे रहा है।

ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले बक्सर जिले के तिवारीपुर के पहले किसान दरोगा तिवारी हैं। उन्होंने बताया कि बहुत ही कम जमीन पर इसकी खेती कर फल को आसानी से लोकल मार्केट में भी बेचकर गाढ़ी कमाई किया जा सकता है। फिलहाल इस फल से साल में ढाई से तीन लाख रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं।

**25 दिनों में चार से पांच क्विंटल निकलता है फल:** फल को बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये एक सीजन में 3 से 4 बार फल देता है। साल 2021-22 में हमने 16 कट्ठा जमीन में ड्रैगन फ्रूट्स खेती की। शुरुआत के डेढ़ साल के बाद जब पौधा हुआ तो फल देने लगा। फिलहाल 210 पोल पर प्लांट लगाए गए हैं। प्रत्येक फल का वजन लगभग 300 से 800 ग्राम तक होता है। एक पौधे पर 50 से 120 फल लगते हैं। हर 25 दिन पर चार से पांच क्विंटल फ्रुट निकलता है। इस फल को बाहर नहीं बल्कि अपने जिला के मंडियों एवं बाजारों में ही खपाना है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लॉटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है।

**कम जमीन में ज्यादा मुनाफा:** दरोगा तिवारी ने बताया की पहले बाप दादाओं के पास ज्यादा जमीन थी। उत्पादन कम भी हुआ तो काम चल जाता था। आज जमीन का



बंटवारा होते-होते सबके पास काफी कम जमीन बच गया है। सारे किसानों के पास यह समस्या है एक हमारे यहां नहीं है। सभी किसानों के पास अब धीरे-धीरे खेती लायक जमीन को लेकर समस्या होते जा रही है। इस परिवेश में कम खेती में अधिक अधिक मुनाफा कैसे हो उसपर काम चल रहा है। जिसके लिए ड्रैगन फ्रूट्स की खेती अभी बेहतर माना जा रहा है। 16 कट्ठा जमीन में लगाए इस फल से 3 लाख रूपए साल में कमा सकते हैं। वहीं, धान-गेंहू, बाजरा लगाकर 16 से 20 हजार रुपए साल में कमा सकते हैं।

**एक प्लांट की लाइफ 25 साल:** किसान ने कहा कि इसकी औसत उपज 5 से 6 टन प्रति एकड़ होती है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लांटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है। फल के पौधों को दूसरे पौधों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार रोपण, फूल आने और फल विकास के समय या गर्म व शुष्क मौसम में बार-बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसके लिए सिंचाई की बूंद-बूंद पद्धति का उपयोग करना चाहिए।

**जंगली जानवरों से नुकसान का नहीं डर:** ड्रैगन फ्रूट के प्लांट लतर वाले होते हैं। इसलिए सहारे के लिए खेत में सीमेंट के खंभे या बांस बल्ला की जरूरत होती है। एक खंभे के साथ 3-4 प्लांट लगाए जा सकते हैं। जैसे-जैसे प्लांट बढ़ता है उसे रस्सी से बांधे जाते हैं। एक-सवा साल बाद प्लांट तैयार हो जाता है। ड्रैगन फ्रूट पहले साल में फल देना शुरू कर देता है।

मई और जून में फूल लगते हैं। जुलाई से दिसंबर तक फल लगते हैं।उसके एक महीने बाद फल तुड़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। इस अवधि के दौरान इसकी 3 से 4 बार तुड़ाई की जा सकती है। ड्रैगन फ्रूट के कच्चे फल हरे रंग के होते हैं, जो पकने पर लाल रंग में परिवर्तित हो जाते हैं। फलों की तुड़ाई का सही समय रंग परिवर्तित होने के तीन-चार दिनों बाद का होता है।सबसे बड़ी बात है की इसको जंगली जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

# विरोध : आक्रोशित लोग बोले- स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली विभाग दे रहा कनेक्शन काटने की धमकी

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** तरैया परिक्षेत्र में बिजली कटौती व बिजली की आंख मिचौली से आम से लेकर खास उपभोक्ता परेशान है। बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ करने की बजाय बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने के चक्कर में पड़ा हुआ है। तरैया बाजार व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं को जबरन डरा धमका कर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। और स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही हैं। तरैया में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में बुधवार को सारण विकास मंच के सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता तरैया निवासी अमरनाथ सिंह के आवास पर समाजसेवी, बुद्धिजीवी व बिजली उपभोक्ताओं की एक बैठक हुई। जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया गया। इस दौरान बताया गया कि बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली काट दिये जाने की धमकी दी जा रही है।सारण विकास मंच के सचिव श्री सिंह ने कहा कि तरैया नेता विहीन हो गया है। स्मार्ट मीटर सबसे पहले नेताओं, विधायक, सांसद, मंत्री व सरकारी विभागों के कार्यालयों में लगे, उसके बाद आम उपभोक्ताओं के यहां लगेगा। तरैया से बिजली सीधे अमनौर जा रही है, लेकिन तरैया में अंधेरा छाया रहता है। तरैया से अधिक बिजली मसरख, अमनौर व मढ़ौरा को मिलती है आखिर क्या कारण है। अमनौर, मढ़ौरा व मसरख में स्मार्ट मीटर का चर्चा तक नहीं है और तरैया में जबरन उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे है। तरैया बाजार की बिजली की तार जर्जर है उसको नहीं बदला जा रहा है केवल विभाग को स्मार्ट मीटर पर ध्यान है। बैठक में शामिल बृजकिशोर सिंह, भृगुनाथ सिंह, रणविजय सिंह, दिलीप राम, जीतेन्द्र कुमार यादव, मयंक सिंह, मेराजुद्दीन, नंदकिशोर शर्मा, अरुण पटेल, वकील पांडेय समेत दर्जनों उपभोक्ता उपस्थित थे।


(विरोध प्रदर्शन करते लोग)

## पोखर में स्नान के दौरान डूबने से छात्रा की मौत


( रोते बिलखते परिजन)

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के माधोपुर बड़ा गांव में बुधवार को पोखर में स्नान करने के दौरान डूबने से एक छात्र की मौत हो गई है। मृतिका माधोपुर बड़ा गांव निवासी शुभ नारायण यादव के 13 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी बताई जाती है, जो की उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर बड़ा की नौवीं कक्षा की छात्रा थी। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर में प्रिया कुछ बच्चों के साथ पोखर में स्नान कर रही थी इसी दौरान उसकी एक सहेली डूबने लगी जिसे वह बचाने लगी तब तक अन्य बच्चों ने उसके सहेली का हाथ पकड़ कर खिंच लिया। लेकिन उसी क्रम में वह गहरे पानी में चली गई और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। इधर घटना के बाद पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना पाकर मौके पर तरैया थाने की पुलिस पहुची तथा आगें की जांच एवं कागजी कारवाई में जुट गई हैं।

## पूर्व सैनिक चिकित्सा सहायक श्यामदेव उपाध्याय को दी गई श्रद्धांजलि


( तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते स्वजन)

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव निवासी पूर्व सैनिक चिकित्सा सहायक हवलदार स्व श्यामदेव उपाध्याय को उनके श्राद्ध कर्म पर भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई।पिछले दिनों हृदयगति रूकने से फौजी श्याम देव का निधन 75 वर्ष की अवस्था में हो गया।शोकाकुल परिवार में उनके ज्येष्ठ पुत्र रवींद्र उपाध्याय ,कनिष्ठ पुत्र संजीव उपाध्याय ,पौत्र रजनीश ,मनीष ,सुमित ,अभिजीत , भतीजे कामेश्वर उपाध्याय, रामेश्वर उपाध्याय ,ब्रह्मेश्वर उपाध्याय,दिनेश्वर उपाध्याय ,अवध उपाध्याय आदि को दूर दूर से आये कुटुम्ब व शुभचिंतकों ने सांत्वना दी और स्व उपाध्याय के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें समाजसेवी बताया।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व मुखिया विजय उपाध्याय ,उपेंद्र उपाध्याय ,रामेश्वर गोप, हृदयानंद उपाध्याय ,अवधेश उपाध्याय ,सुदर्शन राय,प्रभुनाथ उपाध्याय ,ओम प्रकाश उपाध्याय, संदीप ,जलधर, ,विद्याभूषण आदि मौजूद रहे।श्राद्ध कर्मकांड पं. काशीनाथ तिवारी,आचार्य बनमाली ओझा द्वारा सम्पन्न कराया गया।

## परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ की दिघवारा इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष बने संतोष कुमार सिंह

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ सारण के अध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने दिघवारा के शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ की दिघवारा इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है।श्री समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा है कि शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह शिक्षा और शिक्षक हित के लिए कार्य करेंगे और उनके सहयोग से शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। उधर दिघवारा इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संतोष सिंह ने समरेंद्र बहादुर सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री सिंह द्वारा दिघवारा की जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है वह उनका बखूबी निर्वहन करेंगे। संतोष कुमार सिंह के दिघवारा इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर अखिलेश कुमार सिंह,नसीम अहमद,राजकुमार, मुन्ना राम,मुमताज आलम,गोपाल सिंह, मोक़ादिर हसन, कुंदन कुमार, नूतन,कुमारी शशिनिभा, आरती कुमारी, सरोज कुमार सिंह, मोमुख्तार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, प्रीति कुमारी, शिव बच्चन साह, अनिल कुमार राम,मुन्नी कुमारी, अंजनी सिंह,अनिल बैठा, प्रेम कुमार,हृदयानंद यादव, श्री प्रकाश कुमार, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंदू कुमारी, शिव महतो, अनुराधा कुमारी, परितोष कुमार, रामदयाल सिंह, शैलेंद्र कुमार, मीरा देवी, रंजीता सिंह,आदित्य कुमार, बृजनंदन कुमार, राजू भक्त,सफी अनवर,चंदन कुमार सिंह व वीर अभिमन्यु सरीखे दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है और कहा है कि श्री सिंह शिक्षकों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे और शिक्षकों के लंबित कार्यों का पारदर्शी तरीके से निपटारा होगा।


फाइल फोटो



## दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आयोजित भाजपा का सदस्यता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को मशरक के महावीर चौक पर सदस्यता अभियान के रूप में मनाया। भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री दुर्गेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सुनील सिंह,जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी,रंजन कुमार सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष नंदन बाबा,धीरज सिंह, श्याम बिहारी सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। वहीं महाराणा प्रताप चौंक के पास वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय के आवास पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने किया। युवा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित किया और उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह एक परिवार की तरह है। उन्होंने एक नया विचार समाज को दिया।

## सोंधी नदी में स्नान करने के दौरान 13 वर्षीय एक किशोरी की डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** जीवित्पुत्रिका पर्व के अवसर पर बुधवार को माँझी थाना क्षेत्र के सबदरा गाँव के समीप सबदरा पुल के समीप सोंधी नदी में स्नान करने के दौरान 13 वर्षीय एक किशोरी की डूबने से मौत हो गई। डूबने से मृत किशोरी सबदरा गाँव निवासी राधेश्याम साह उर्फ विदेशी साह की पुत्री शोभा कुमारी बताई जाती है।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार जिउतिया पर्व को लेकर सबदरा सहित आसपास के आधा दर्जन गाँव की महिलाएं स्नान करने पहुँची थी। मृतका भी अपने घर परिवार की महिलाओं के साथ नहाने गई थी, इसी दौरान गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। डूबने की सूचना मिलने के बाद नदी के पास कोहराम मच गया। मौकें पर पहुँचे पंचायत के मुखिया मुन्ना साह तथा पूर्व मुखिया परमहँस प्रसाद आदि ने माँझी पुलिस को घटना की सूचना दी। बाद में स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक घण्टे के भीतर शव को खोज कर पानी से बाहर निकाल लिया गया। बाद में माँझी पुलिस की मदद से किशोरी को आनन फानन में माँझी सीएचसी लाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पाकर सीएचसी पहुँचे परिजनों के रुदन क्रन्दन से माहौल गमगीन हो गया। मृतका अपने तीन भाइयों के बाद सबसे छोटी थी। जबकि उसके पिता मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

# सोनपुर : भू-सर्वे से जुड़े अमीनों व अन्य कर्मियों को नये भू सर्वे संबंधित कार्यों के निष्पादन की दी गई जानकारी

### प्रपत्र मे तथ्यों को छुपाने पर भू स्वामियों पर होंगी कानूनी कार्रवाई: सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार मे सर्वे का कार्य चल रहा है। सोनपुर अंचल स्तरीय विशेष नये भू सर्वेक्षण के कार्यों को लेकर सर्वे कार्यालय कक्ष सोनपुर में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार व कानूनगो संदीप मिश्रा के द्वारा सभी अमीनों को नये भूमि से संबंधित कार्यों की जानकारी विस्तार रूप से दी । इस संबंध में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो ने बताया कि भुसर्वे सर्वेक्षण के लिए सोनपुट प्रखंड क्षेत्र में 23 पंचायत मे से 18 राजस्व ग्राम मे सर्वेक्षण का कार्यों को त्तपरता के साथ कार्य करने एवं भूमि रैयतो को किसी तरह के परेशानी न हो इसके लिए उनके द्वारा भूमि सर्वे मे हो रही समस्याओं के निदान करने और रैयतो द्वारा सर्वे मे महत्वपूर्ण कागजात को एकत्रित करने के आलवा उनके द्वारा दी गयी प्रपत्र को जांच पड़ताल कर उसे ऑनलाइन कर उन्हें संतुस्ट करे । प्रपत्र दो, तीन के आलवा वंशावली, आपसी बटबारा, भूमि लगान, भूमि से संबंधित दास्तांबेज एवं मोबाईल नंबर, आधार कार्ड और घोषणा पत्र लेना है । जिसमें रैयत के द्वारा अपना जमीन का ब्यौरा खाता नंबर, खेसरा नंबर, रकवा, चौहदी एवं जमाबंदी प्रपत्र दो में भरकर कार्यालय में जमा ले या ऑनलाइन प्रपत्र भरकर भू स्वामी उसकी रसीद जमा कर दे।कानूनगो संदीप मिश्रा ने बुधवार को बताया कि आवेदन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों प्रक्रिया से जमा कर सकते है। रैयतो द्वारा प्रपत्र व भूमि संबंधित कागजात जमा करने के उपरांत दिए गये प्रपत्र के आधार पर सर्वे कर्मी व पदाधिकारी स्थल पर होने वाले कार्यों त्रीसिमा सत्यापन, उसके बाद जमीन सीमा सत्यापन, स्थल भू सत्यापन, किस्त बार भूखंडों की नापी, खानापूरी प्रक्रिया, दाबा आपत्ति, उसके बाद सुनवाई की प्रक्रिया होगी। गलत वंशावली, गलत दास्तांबेज या किसी तरह के गलत कार्य या किसी तरह के जनकारी छुपा कर प्रपत्र जमा करते है या भूमि सर्वे मे जनकारी देते है तो जांच पड़ताल के दौरान गलत पाये जाने पर वैसे लोगो पर कानूनी करवाई की जायेगी। किसी भी रैयत को विशेष जानकारी के लिए ऑनलाइन सर्वे ट्रैकर पर अपना जिला अंचल मौजा का नाम सेलेक्ट कर विशेष सर्वेक्षण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर उपस्थित सर्वेक्षण अमीन साजन कुमार, सोनू कुमार, आयुष, गौरब, देवराज कुमार, रिशु राकेश, राहुल कुमार सहित अन्य अमिन मौजूद रहे।



## एक दीया स्वच्छता के नाम पर जलाते हुए लोगो ने स्वच्छ रहने की शपथ ली

**दैनिक खोज खबर /बनियापुर।** प्रखंड के मनिकपुरा पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक दीया स्वच्छता के नाम पर जलाते हुए सभी लोगो ने स्वच्छ रहने की शपथ ली और लोगों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।उपस्थि गणमान्य लोगों में मुखिया रीता देवी, पूर्व उप प्रमुख नीरज कुमार सिंह,स्वच्छता प्रवेक्षक संजीव कुमार गिरि ,वार्ड सदस्य रामाधार साह एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित हुए।

## मशरक नपं के सफाई कर्मी हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य के लिए लगे सफाईकर्मियों की अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल 18 वें दिन बुधवार को समाप्त हो गई है। हड़ताल के समाप्त होने के बाद सभी सफाईकर्मी अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट गए हैं। इन सफाईकर्मियों की प्रमुख मांगों में वेतन बढ़ोतरी, सुरक्षा उपकरण समेत अन्य शर्तें शामिल रहीं।बता दें कि पिछले 18 दिनों से मशरक नगर पंचायत के सफाई कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे, जिसमें सफाई एजेंसी के द्वारा सफाईकर्मियों के साथ कई बार बैठक आयोजित की गयी ,पर मामला नहीं सुलझा। वहीं सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्ड की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी जिसके वजह से सारा इलाका कूड़े के ढेर में तब्दील हो गया था। मजदूरों ने बताया कि सफाई एजेंसी ने उनकी मांगों को मान लिया है। आपकों बता दें कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों की सफाई व्यवस्था को लगभग 16 लाख रुपए से टेंडर दिया गया है।

## पुराने मकान में छुपाकर रखा गया 924 लीटर स्प्रीट बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक उत्पाद थाना ने गुप्त सूचना के आधार छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में स्प्रीट बरामद किया गया। उत्पाद थाना के दारोगा कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि स्प्रीट की बड़ी खेप आने वाली हैं जिसमें उत्पाद थाना द्वारा तरैया थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव में छापामारी की गई। वहां गांव में एक पुराना मकान के एक कमरे में छिपाकर रखे 22 प्लास्टिक के जार में 924 लीटर स्प्रीट बरामद हुआ । मकान स्वामी की संलिप्तता और शराब गिरोह में शामिल लोगों की पहचान के लिए अनुसंधान जारी है। जल्द ही इस मामले में गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।छापामारी दल में उत्पाद विभाग के निरीक्षक सुनील कुमार, अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अनिल साह, कीर्ति सिंह और मद्य निषेध सिपाही अमरजीत कुमार के साथ अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## सड़क दुघर्टना में घायल मजदूर की पटना पीएमसीएच में मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के पूरब टोला गांव निवासी मजदूर की सड़क दुघर्टना में घायल हालत में इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। मृतक पूरब टोला गांव निवासी स्व परदेशी महतो का 39 वर्षीय पुत्र मुन्ना महंतों हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में मातम छा गया। मृतक विवाहित हैं और उसको छोटे-छोटे दो पुत्र और एक पुत्री हैं।नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने बताया कि मृतक को सरकारी सहायता दिलवाई जाएगी और आर्थिक मदद भी की गयी हैं। वहीं वार्ड पार्षद सिकंदर महंतों ने बताया कि मृतक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एफसीआई गोदाम में मजदूर का काम करता था उसी में प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। वहीं उसे घायल हालत में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां से पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## चिकित्सक की हृदयगति रूकने से सिलीगुड़ी में निधन, शोक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के दुर्गा चौक निवासी जो सिलीगुड़ी में चिकित्सक थे उनकी हृदय गति रुकने से निधनं सिलीगुड़ी में ही हो गई। मृतक दुर्गा चौंक अवस्थित भारतेन्दु मिश्रा के 40 वर्षीय पुत्र अनुपम कुमार उर्फ मुन्ना मिश्रा हैं। मृतक सिलीगुड़ी में सन राइज नर्सिंग होम में चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं पत्नी और एक पुत्र के साथ वहीं रहते हैं और दो भाईयों में बड़े हैं। घटना की सूचना मिलने पर मशरक में परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर सरपंच बिनोद प्रसाद के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह,राजन साह, अखिलेश प्रसाद, शम्भू प्रसाद समेत अन्य ने शोक व्यक्त किया। परिजनों का दुर्गा चौक पर प्रकाश मेडिकल के नाम से प्रतिष्ठान हैं।

## बंद घर का ताला तोड़ सामान की चोरी

**पानापुर(सारण)।**थाना क्षेत्र के रसौली गांव निवासी अरमान शेख के बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने पीतल के बरतन सहित अन्य सामान की चोरी कर ली ब़ताया जाता है कि अरमान शेख सपरिवार छत्तीसगढ़ रहते है . ग्रामीणों द्वारा सूचना के बाद जब वे घर पहुँचे तो टूटे अलमीरा एवं बक्से देख उनके होश उड़ गए प़ीड़ित ने बताया कि चोरों ने पीतल के थाली ,गिलास ,लोटा ,बाल्टी ,चिलमची सहित अन्य सामान की चोरी कर ली है इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## 30 वर्षीया विवाहिता 18 वर्षीय युवक के साथ फरार

**पानापुर(सारण)।**थाना क्षेत्र के एक गांव में तीस वर्षीया विवाहिता का अपने 18 वर्षीय प्रेमी के साथ फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है ब़ताया जाता है कि छह वर्ष पूर्व विवाहिता के घर युवक का काफी दिनों से आना जाना था इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम हो गया एवं सोमवार की शाम दोनो फरार हो गए इस मामले में फरार विवाहिता के पति ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपनी गायब पत्नी के बरामदगी की गुहार लगायी है।

## भारी मात्रा में शराब लदी ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर(मांझी)।** छपरा-सिवान मुख्य मार्ग के एनएच 531पर स्थित बनवार और सोनिया के बीच स्तिथ पेट्राल पंप के समीप मद्य निषेध विभाग और दाउदपुर थाना पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में शराब लदी एक ट्रक को जब्त करने के साथ उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि दाउदपुर थाना पुलिस और मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली की यूपी देवरिया से एक ट्रक पर शराब लायी जा रही है। जिसके बाद मद्य निषेध विभाग और दाउदपुर थाना पुलिस के सहयोग से भारी मात्रा में शराब लदी एक ट्रक के साथ चालक को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच गठित टीम ने दाउदपुर थाना क्षेत्र के बनवार और सोनिया के बीच स्थित पेट्राल पंप के समीप ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसके अंदर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उसके बाद चालक को गिरफ्तार करने के साथ शराब समेत ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया। ट्रक से बरामद शराब की मात्रा आठ अस्सी लीटर बतायी जा रही है। पकड़ा गया चालक मुफसस्ली थाना क्षेत्र के महराजगंज छपरा निवासी सेराज हुसैन बताया जाता है।

# माँ दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के प्रतिमा निर्माण कार्य मे जुटे मूर्तिकार

## शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर को कलश स्थापना व 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाए जाएंगे

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और धर्म आस्था के पवित्र पर्व नवरात्रि है। जिसमे देवी दुर्गा की उपासना और शक्ति की आराधना की जाती है। यह पर्व नौ दिनों तक चलने वाला महा पर्व है। जिसमें भक्तगण द्वारा देवी दुर्गा के विभिन्न नौ रूपों की पूजा-अर्चना अलग अलग दिन करते हैं। माँ को प्रसन्न करने के लिए भक्तगण प्रतिदिन नौ रूपों को पूजा अर्चना, ढोल नगारा, वैदिक मंत्र, भक्ति गीत गा कर माँ को प्रसन्न करते है और माँ अपने भक्तो को मन मुरादें पूर्ण करते हुए घर मे सुख शांति बनाये रखती है। यह पर्व शुद्ध आस्था, ध्यान, और तपस्या का प्रतीक पर्व है।सोनपुर के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोर शोर से शुरू हो गया है। इसी क्रम में सभी पूजा पंडाल की समितियां एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण करवाने में जुट गई है।समिति द्वारा पूजा पंडाल में मां दुर्गा एवं महिषासुर की प्रतिमा के अलावे मां शारदे, मां लक्ष्मी विघ्न विनाशक गणेश, कार्तिकेय आदि की प्रतिमा को स्थापित कराया जाता है। फिलवक्त प्रतिमा निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने के लिए बेगुसराय जिले के मसूरचक निवासी



मूर्तिकार शंकर पंडित अपनी टीम अमन पंडित, बिकास पंडित सहित दर्जनों मूर्तिकार के साथ सोनपुर पहुँच कर सोनपुर गोला बजार, महेश्वरी चौक, हाजीपुर स्टेशन सहित अन्य जगहों पर माँ दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मिट्टी से निर्माण कार्य मे दिन रात लगे हुए है। मूर्तिकार शंकर पंडित ने बुधवार को बताया कि माँ दुर्गा सहित अनेक प्रकार के देवी देवताओं के आलवा अनेक तरह के मिट्टी के समाग्री का निर्माण करते है। माँ दुर्गा के निर्माण मे कमी से कमी 25 से 75 हजार रूपये तक के माँ दुर्गा के साथ माँ लक्ष्मी, माँ सरस्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, महिषासुरू का निर्माण करते है। लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा ने बताये कि शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर को कलश स्थापना से शुरू होकर 12 अक्टूबर को (दशहरा) तक मनाए जाएंगे। इस दौरान नौ दिनों तक देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाएगी, और दसवें दिन विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा।नवरात्र भारतीय संस्कृति और धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो न केवल शक्ति की उपासना का प्रतीक है बल्कि आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से भी समाज को एकजुट करता है।



# नपं के उपमुख्य पार्षद के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यालय परिसर स्थित सभागार में उप मुख्य पार्षद राजकुमार मांझी के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नपं के मुख्य पार्षद श्वेता रानी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज, कनीय अभियंता लालू कुमार, दीपक कुमार, अवधेश यादव, विनोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह, मनीफ साई, मुन्ना सिंह, जेपी शर्मा, अमित चौधरी, जवाहर पंडित, युगूल सिंह, चंदन महाराज, शैलेन्द्र प्रसाद, राजू सिंह, उमेश बैठा, राकेश महतो, तारकेश्वर बैठा, रमेश साह, कमल सहाय, अशोक प्रसाद, प्रवीण कुमार राय, कमल महाराज, संजीव सिंह, ओम सिंह आदि ने उप मुख्य पार्षद राजकुमार मांझी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके असामयिक निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। तत्पश्चात उनके तैलचित्र पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# व्याख्यान माला : ''सोशल मीडिया का दुरुपयोग'' विषय पर संगोष्ठी आयोजित




**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर(मांझी)।** नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर-दाउदपुर के सेमिनार हॉल में प्राचार्य प्रो़केपी श्रीवास्तव के अध्यक्षता में व्याख्यान माला के द्वितीय दिन ''सोशल मीडिया का दुरुपयोग'' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो़केपी श्रीवास्तव ने कहा कि सोशल मीडिया से आजकल बहुत सारी गलत सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है जिससे आपको बचने की आवश्यकता है। बच्चों को पठन-पाठन के लिए पाठ्य पुस्तक की नितांत आवश्यकता है। मोबाइल के युग में सभी बच्चे दिशाहीन हो रहे हैं जिससे बचने की जरूरत है। लक्ष्य को आत्मसात करे यह तभी संभव है जब हम निरंतर अभ्यास करते रहें। हमें सामाजिक स्तर पर हाशिये पर रहने वाले लोगों के विकास पर विशेष ध्यान देना होगा ताकि सबका सर्वांगीण विकास हो सके। डॉ.रुबी चंद्रा ने कहा कि अनुशासन हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है हम अनुशासन में रहकर ही अपनी उपलब्धि को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ.श्री भगवान ठाकुर ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण का युग है महिलाओं को चारदीवारी में कैद हम नहीं कर सकते उन्हें भी समाज व राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्वर रहना होगा। डॉ.प्रवीण पंकज ने कहा कि बच्चों में समाज सेवा और राष्ट्र सेवा की भावना रहनी चाहिए यह तभी संभव है जब हम अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखेंगे और अपने वातावरण को भी। डॉ.चन्द्रभान राम ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं उनके कंधों पर परिवार,समाज और देश का भविष्य है। उसको सही दिशा देने का कार्य छात्र ही कर सकते हैं। डॉ.स्वर्गदीप शर्मा ने कहा कि पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मोबाइल की आदत कम होनी चाहिए। सोशल मीडिया या फेसबुक से बचें ज्यादा से ज्यादा समय अपने पठन-पाठन में लगावे। इस मौके पर कैडर के सभी प्रतिभागी बच्चे एवम कर्मचारी गण मौजूद थे।



# रहबरे काईनात कान्फ्रेंस में पहुंचे पूर्व मंत्री, कई लोगों को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** हजरत मोहम्मद साहब की जयंती के मौके पर बसंत रोड स्थित गड़खा जामे मस्जिद में रहबरे काईनात कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया।मौलाना नेसार अहमद मिसवाही की सदारत व तकाबत में पूरी रात कार्यक्रम चला।इस मौके पर कोलकात्ता से आए सैफुल्लाह अलीमी साहब ने मोहम्मद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आने के बाद बेवाओ,यतिमो,मजलूमो और बेटियों को सम्मान और अधिकार मिला।उनके आने के पूर्व बेटियों को जिंदा दफन करने की प्रथा थी जिन्होंने समाप्त करवाया।झारखंड से आए आसिफ एकबाल ने समाज में फैले हुए कुरीतियों एवं दहेज को खत्म करने के लिए लोगों को बेदार किया।गया से आए नसीर सदर ग्यावी व हबीबुल्लाह फौजी ने अपने शायरी से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।इस मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी,पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम,जिप के पूर्व अध्यक्ष वैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल,जदयू नेता अल्ताफ आलम राजू,पूर्व मुखिया प्रतिनिध अशोक गुप्ता,दिनेश राय,पत्रकार राजेश उपाध्याय,योगेंद्र मकवाना,राहुल कुमार आदि को आयोजकों ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया।कार्यक्रम के आयोजक एजाज अहमद,अख्तर हुसैन,इम्तेयाज परवेज साहब,जमशेद,इबरार,बाबू जान,नइम अहमद,एजाज अहमद,जुबैर,डाम़ुस्तफा,मोम़ुस्तफा,असलम मास्टर आदि थे।

# बसही पंचायत में नल जल योजना कागजों में



**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर(सारण)।** बसही पंचायत में अधिकतर नल जल योजना कागजों में संचालित होता है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। सीओ शम्मी कुमार ने बसही पंचायत के नल जल योजना का जांच किया। सीओ यह देख हैरान रह गये की नल जल योजना के कई टावर का ताला बीते छह माह से तो कई के साल भर से खुले ही नहीं है। सीओ के जांच में वार्ड संख्या एक, दस, बारह, पंद्रह में स्थित नल जल योजना के पम्प खराब या बंद मिले। कही पाइप कटा मिला तो कही नल की टोटी ही गायब मिली। सीओ यह सब देख हत प्रभ रह गये। ग्रामीणों ने सीओ को बताया की नल जल योजना से पानी की सप्लाई ठीक ढंग से कभी नहीं मिली है। इसके बाद सीओ ने संबंधित वार्ड के वार्ड सदस्यों से नल जल योजना के ठीक कराने के बारे में जानकारी लिया व समस्याओ को भी जाना। सीओ ने बताया की वे अपनी जांच रिपोर्ट जिला को देंगे।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बुधवार को 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' के उपलक्ष्य में उत्सव कार्यक्रम पूरे धूम-धाम से मनाया गया। छपरा स्थित वीआईपी फार्मासिस्ट केन्द्र परिसर में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ0 निशु नारायण सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा तदोपरांत विभिन्न प्रकार के रोचक और ज्ञानप्रद कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। डॉ.निशु नारायण सिंह ने अपने व्यस्त कीमती समयों में से कुछ समय निकालकर इस फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने तथा इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के उद्देश्य से उपस्थित हुए। इस समारोह के साथ औषधीय पौधारोपण भी किया गया। विश्व फार्मेसी दिवस के इस विशेष अवसर पर आज की थीम है 'फार्मासिस्ट वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करनासी। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ साथ समाज के कल्याण में सुधार के लिए फार्मासिस्ट द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अपने सभी कर्तव्यों का पालन करता है, जिसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, दवाओं की समाप्ति तिथि और उनकी उपलब्धता आदि शामिल होते है। ताकि किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर उसका कोई गलत प्रभाव न पड़े। साथ ही संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा तरह-तरह के पोस्टर्स आदि भी बनाये गए। जिसके माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस फार्मेसी संस्थान को डी0 आर0 सी0 सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त है, जहां विद्यार्थी अध्ययन करके अपने उज्ज्वल भविष्य को साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# ओल्हनपुर और टेहटी में दो बच्चों की नदी के पानी में डुबकर मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर और टेहटी में दो बच्चों की नदी के पानी में डुबकर मौत हो गई। दोनों बच्चें जितिया पर्व पर नदी पर नहाने गए थे। इसी दौरान नहाने के क्रम में नदी में पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले गए। हल्ला होने पर लोग जबतक जमा होते और पानी से ढ़ुढ़ कर बाहर निकालते तकतक उनकी मृत्यु हो चूकी थी। मृतक में ओल्हनपुर निवासी जगलाल राय का 14 वर्षीय किशोर रिक्की कुमार और टेहटी निवासी राजनाथ राय की सात वर्षीय पुत्री आरती कुमारी का नाम बताया गया है । मिली जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय रिक्की कुमार अपनी मां के साथ बरदहिया सिढ़िया नदी घाट पर गया था। उसकी मां अन्य महिलाओं के साथ दुसरे घाट पर थी। इसी बीच रिक्की कुछ अन्य बच्चों के साथ अलग घाट पर जाकर नहा रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया । सात वर्षीय आरती कुमारी भी अपनी मां के साथ टेहटी डबरा नदी घाट पर गई थी। नहाने दौरान ही वह फिसल कर गहरे पानी में चली गई । अन्य लोग जब तक कुछ समझ पाते तक तक आरती पानी में डूब चूकी थी। दोनों को लेकर उनके परिजन व अन्य ग्रामीण रेफरल अस्पताल में पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों की मौत के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया । वही गांव का माहौल गमगीन हो गया है।

# मांझी के रामघाट पर सरयू नदी में स्नान करने के लिए व्रतियों की उमड़ी भारी भीड़



**दैनिक खोज खबर/ मांझी (सारण)।** जीवित्पुत्रिका पर्व के मद्देनजर वुधवार को मांझी के रामघाट पर सरयु नदी में स्नान करने के लिए व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों व्रती महिलाओ ने सरयू नदी में पवित्र स्नान कर स्थानीय हनुमान गढ़ी मन्दिर,रामेश्वरम महादेव मंदिर तथा मौनिया बाबा मंदिर में पूजा अर्चना किया। स्नान का क्रम देर शाम तक चलता रहा। पर्व को लेकर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया एवं स्वच्छता पदाधिकारी कुमारी सुमन के देखरेख में घाट की साफ सफाई कर राबीश चुना आदि डालकर घाट को कींचड़ मुक्त एवम समतल बनाया गया था। नदी में सुरक्षा के दृष्टि से वैरेकेटिंग भी कराया गया था। दुर दराज की महिलाएं कार जीप तथा ऑटो आदि वाहन से गीत गाते घाट पर पहुँच रही थी। व्रती महिलाओं की सुरक्षा एवम भीड़ व वाहनों को नियंत्रित रखने के लिए माँझी थाना पुलिस लगातार गश्त लगा रही थी। बता दें कि प्रतिवर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर जितिया व्रत मनाया जाता है। स्थानीय स्तर पर इसे जीवित्पुत्रिका अथवा जिउतिया व्रत के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व उत्साह के साथ तीन दिनों तक मनाया जाता है। इस अवसर पर महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और इस व्रत की शुरुआत नहाय खाय के साथ शुरू होती है। पर्व का समापन व्रत का पारण करने के बाद होता है। उधर रामघाट के अलग अलग स्थानों पर कथावाचक जिउतिया का कथावाचन कर रहे थे और बड़ी संख्या में व्रती महिलाएँ बैठकर कथा श्रवण कर रही थी।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में नौ पर प्राथमिकी

**मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के नरौनी टोला में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्ष से लिखित आवेदन पर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में एक पक्ष से जख्मी मनोज कुमार सिंह की पत्नी किरण देवी ने कहा है कि मै अपने घर में बैठी थी तभी उसकी पड़ोसी रीता देवी, सोनू कुमार, वशिष्ठ सिंह, नेहा देवी एक राय होकर हरवे हथियार के साथ उसके दरवाजे पर आए।सभी उसके साथ मारपीट करने लगे, इस दौरान आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली। बीच बचाव करने उसकी सास और बेटा बेटी के साथ भी आरोपी मारपीट किए।जबकि दूसरे पक्ष से जख्मी सोनू सिंह ने दर्ज प्राथमिक की में कहा है कि वह घर के बाहर मुंह धो रहा था। इसी बीच मनोज सिंह, किरण देवी, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी व अंकित कुमार मिलकर दरवाजे पर रखी बेढ़ी को हटाने लगे। उसने बेढ़ी हटाने से मना किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। सभी ने लाठी डंडा से मारपीट की जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके परिवार के सदस्यों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया।

## 27 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में पुलिस ने छापामारी करके 27 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुअनि चंदेश्वरी यादव के आवेदन पर प्राथमिकी की दर्ज की गई है।? पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिर्जापुर निवासी उदय मांझी के यहां छापामारी की गई है।? छापेमारी में एक गैलन, डिब्बा आदि में 27 लीटर देसी शराब को बरामद किया गया। जबकि मौके से शराब तस्कर उदय मांझी को भी गिरफ्तार किया गया है।

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने के बाद पहली बार परसा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया अभिनंदन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोनित होने के बाद पहली बार पूर्व मंत्री चंद्रिका राय के परसा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। वहीं पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो हमें साहस व बल दिया है उसे मैं परसा ही नही बल्कि पूरे सारण वासियों के विश्वास पर खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा ताकि सारण में विकास की गंगा और तेजी से बढ़ता हुआ दिखाई पड़े। इस दौरान प्रो विमल प्रसाद, डा. नागेश्वर राय, भाजपा नेता अर्जुन सिंह,डाविकास कुमार,माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद कुमार, पैक्स अध्यक्ष लालबाबू राय, मो आशिफ असलम,सुग्गा सिंह,उमेश राय,राजेश कुमार साह,विनोद सिंह, गया सिंह,विनोद दास,शिवकुमार सिंह, साहेबलाल राय,राज किशोर राय,रमेश चौधरी,भोला राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मांझी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न




**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** दशहरा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को माँझी थाना परिसर में थानाध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक में शामिल सदस्यों ने पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। सदस्यों ने कहा कि माँझी प्रखंड हमेशा से आपसी भाईचारे का मिशाल बनता रहा है। बीडीओ रंजीत सिंह ने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रकाश की पुख्ता ब्यवस्था करने, पूजा समिति सदस्यों का पहचान पत्र बनाने, बिजली का अस्थायी कनेक्शन लेने तथा पंडाल के समीप पानी एवं बालू का इंतजाम रखने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि डीजे तथा आर्केस्ट्रा पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सदस्यों ने दर्शन पूजन के दौरान पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं के आने जाने की अलग-अलग व्यवस्था करने का सुझाव दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूजा के दौरान शराबियों तथा मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पकड़े जाने पर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पूजा समितियों का लाइसेंस लेना आवश्यक है। बैठक में कृष्णा सिंह पहलवान उमाशंकर ओझा ,हसनुद्दीन खान ,अख्तर अली ,मंजूर आलम खान, रमेश यादव, आशीष मिश्रा, प्यारे अंगद ,मुल्तान खान,मोहन सिंह,राधेश्याम सिंह एवं पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केन्द्र संख्या 239 एवं परसा विधान सभा के दर्जनों बूथों पर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को इस अभियान के तहत पार्टी से जोड़ा गया। इस अभियान के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री संतोष रंजन, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व में सदस्यता अभियान में दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर रामानंद सिंह, प्रमोद सिंह,अजय गिरी, भोला सिंह, रामबाबू राय, सुजीत शर्मा, महेश सिंह सहित अन्य शामिल रहें।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घटित मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि आपसी विवाद को लेकर हुईं मारपीट की घटनाओं में बगुईया गांव की गुड़िया देवी, नंदनी कुमारी, शीतलपुर गांव की लगनी देवी घायल हो गई।क्षवहीं दूसरी ओर पुलिस की पिटाई से बंगरा गांव के नेहाल चंद व गौरी गांव के मोहित सिंह घायल हो गये। बताया जाता है कि दोनों घायल अपने घर के आसपास रात्रि में घूम रहे थे। इसी दौरान गश्ती पुलिस ने उनकी पिटाई कर दिया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

## दलित उत्पीड़न मामले के दो वांछित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** व्यवहार न्यायालय छपरा के आदेश व एकमा थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक सुरेश राम ने सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से थाना क्षेत्र के वसंतपुर गांव में छापेमारी कर एक अर्से से फरार दलित उत्पीड़न मामले के दो आरोपितों क्रमशः रामकिशोर भारती व दीपक भारती पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## इसुआपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

**इसुआपुर(सारण)।** छपरा विधि मंडल के अधिवक्ता सह भाजपा नेता हरिनारायण सिंह ने प्रखंड के लौआ गांव में भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। मौके पर आए लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने लौआ में स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया तथा सदस्यता अभियान के तहत सदस्य भी बनाए। मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 23 वर्षो से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**इसुआपुर(सारण)।** पिछले 23 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी स्थानीय थाना क्षेत्र के नवादा गांव के मोहन साह के पुत्र विजय साह को इसुआपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात उक्त वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया।

# विभिन्न घाटों पर महिलाओं ने मां लक्ष्मी का दर्शन-पूजन कर समृद्धि और संतान की रक्षा की प्रार्थना की

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** जितिया व्रत, जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है, पूरे देश में अत्यंत धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया जाता है। यह व्रत माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र, स्वस्थ जीवन और समृद्धि के लिए किया जाता है। मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल के तराई क्षेत्रों में यह व्रत बहुत प्रसिद्ध है। जितिया व्रत आश्विन महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है और इस व्रत की मान्यता है कि इसे करने से संतान की रक्षा होती है। इस व्रत का आध्यात्मिक पहलू और धार्मिक महत्ता गंगा सरयू व सोन के संगम जैसे पवित्र स्थलों से और अधिक बढ़ जाती है। चिरान्द जिसे धार्मिक नगरी के नाम से भी जाना जाता है, एक पवित्र तीर्थ स्थल है। यह स्थान राम और कृष्ण की लिला भूमी भी रही है। चिरान्द में बुधवार के सुबह से ही मां लक्ष्मी के दर्शन पूजन के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। तिवारीघाट,बंगाली बाबा घाट,जहाज घाट,मेला घाट,तथा डोरीगंज घाट पर महीला श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान बंगाली बाबा मंदिर,अयोध्या मंदिर,बड़ी मठिया तथा रामजानकी मंदिर डोरीगंज के रामजानकी मंदिर में महिलाएं कतारबद्ध होकर दर्शन की।



**जितिया व्रत का महत्व :** जितिया व्रत का इतिहास पौराणिक कथाओं से जुड़ा हुआ है। इसमें राजा जीमूतवाहन की कथा विशेष रूप से प्रचलित है, जिन्होंने अपनी प्रजा के नागों की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। इस कथा के माध्यम से माताएं अपने बच्चों की रक्षा और उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं। जितिया व्रत का पालन काशी जैसे पवित्र स्थलों पर करना, इस व्रत को और अधिक फलदायी बनाता है। काशी, गंगा के तट पर स्थित होने के कारण, आत्मिक शुद्धि का केंद्र मानी जाती है। इस पवित्र भूमि पर देवी लक्ष्मी के दर्शन से माताओं को दैवीय कृपा प्राप्त होती है।

## 15 से 22 दिसंबर तक होगा एसपीएल




**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** सारण प्लेयर्स लीग (एसपीएल) का द्वितीय संस्मरण 15 से 22 दिसंबर 2024 तक राजेन्द्र स्टेडियम में खेला जाएगा। इस निमित्त आयोजन समिति ने शहर के होटल अमितांश में प्रेस कांफ्रेंस कर इस बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर ने बताया कि जिले की 8 टीमें इस आयोजन में भाग लेंगी और ग्रुप स्टेज के बाद 4 टीमों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। सारे मैचों मे बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पैनल के अम्पायर ही अम्पायरिंग करेंगे। प्रत्येक टीम में बिहार के 5 नामी-गिरामी खिलाड़ी खेलेंगे । उनके साथ खेलकर यहां के स्थानीय खिलाड़ियों के खेल में भी निखार आएगा। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को एक लाख एक हजार तथा उप विजेता टीम को एकावन हजार की इनामी राशि दी जाएगी। इस अवसर पर सारण क्रिकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष अनु सिंह ने कहा कि इस आयोजन को सारण क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेस कांफ्रेंस में आयोजन समिति के सचिव रवि राय, कोषाध्यक्ष राजन प्रसाद यादव, सारण क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव चन्दन शर्मा, पूर्व सचिव सुनील सिंह, सारण क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अर्धेन्दू शेखर, ददन राज, रिजवी राज, राजेश राय, लासा राय, रिषभ राज तथा हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सराय ओपी :संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के पपौर गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की मौत हो गई। मृतक गांव निवासी सरदा तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र राज किशोर तिवारी बताया जाता है। घटना के संबंध में शारदा तिवारी ने बताया कि मैंने अपने पुत्र की शादी यूपी के जौनपुर के शाहगंज में की थी, जहां मेरा पुत्र बीते बुधवार को अपनी पत्नी के साथ वहां गया हुआ था। वहां मेरे पुत्र राजकिशोर तिवारी की साथ मारपीट की जाती थी। उसकी सास बार-बार धमकी दे रही थी कि अब तुम्हारे पुत्र से मुलाकात नहीं होगी। बुधवार की सुबह मेरे पुत्र के दो साल उसकी पत्नी को लेकर मेरे दरवाजे पर पहुंचे और शव मेरे दरवाजे पर उतरकर फरार हो गए। इस संबंध में उसकी पत्नी से पूछताछ की गई तो उसने कुछ भी बताने से इन्कार करते हुए कहा कि इनकी तबीयत खराब थी और घर लाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। जब शरीर की जांच की गई तो चोट के निशान पाए गए। हम लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

## नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवालिया गांव में बुधवार को दाहा नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही नदी के पास काफी संख्या में लोगों की भीड़ हो गई। मृतक की पहचान पकवालिया गांव निवासी मुखिया यादव के पुत्र शुभम यादव के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिउतिया व्रत को लेकर शुभम यादव अपनी मां के साथ नदी पर गया था। वहां पर अपनी मां के साथ स्नान रहा था तभी शुभम यादव नदी में डूबा गया। जैसे लोगों की नजर उस पर पड़ी तो स्थानीय लोग नदी में उसकी तलाश करने लगे। करीब एक घंटे बाद शुभम का शव नदी के किनारे मिला। लोग उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि शुभम के पिता चालक हैं, वह उनके साथ रहता था।

## दारौंदा:झाड़ी में युवती का शव मिलने से सनसनी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के दारौंदा- हसनपुरा मुख्य मार्ग स्थित मिल्की व कोल्हुआ गांव के बीच सड़क किनारे एक झाड़ी में बुधवार की शाम एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर घटना की जांच में जुट गई है।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मिल्की एवं कोल्हुआं गांव के बीच सड़क किनारे झाड़ी में एक 25 वर्षीय युवती का शव पर घास काट रही मिल्की गांव की महिलाओं की नजर पड़ी। महिलाओं ने घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई। समाचार प्रेषण तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### हत्याकांड में एक गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाने की टीम ने फतेहपुर से हत्याकांड में फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार की है। गिरफ्तार अभियुक्त विनोद प्रसाद का पुत्र सौरभ कुमार है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी के दौरान हत्याकांड में फरार को गिरफ्तार किया गया है। नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि हत्याकांड के बाद से ही युवक फरार चल रहा था।

## 28 सितम्बर को होगा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई गंगा सिंह महा विद्यालय में विकसित भारतअ2047 और भारतीय ज्ञान परम्परा का योगदान विषय एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार होगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है।हजारो की संख्या में छात्र छात्रा,रिसर्च स्कॉलर सहित प्रोफेसर इस सेमिनार में भाग लेंगे।गंगा सिंह महाविद्यालय के प्रिंसिपल सिद्धार्थ शंकर सिंह ने बताया कि इस सेमिनार में इस बार देश ही नही विदेशो से भी आएंगे प्रख्यात विद्वान वही सेमिनार में इस बार ऑफ लाइन एवम ऑनलाइन दोनों मोड में होगा व्यख्यान माला का आयोजन इसमे इस बार फ्रांस,यूएसए और नेपाल के विद्वानों के द्वारा छात्र छात्रा एवम रिसर्च स्कॉलर को मिलेगा लाभ।इस आयोजन को लेकर अबतक सैकड़ो छात्र छात्रा एवम प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलरों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन करवा चुके है रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब भी जारी है।

## जनता दरबार लगा मामले की सुनवाई

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने जनता दरबार आयोजित विभिन्न मामले की सुनवाई की। इस दौरान ग्रामीण अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। बभनौली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार यादव ने जिलाधिकारी से बभनौली दलित बस्ती में रास्ता नहीं होने की समस्या बताते हुए कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा इस क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दिए गए आदेश पर भूमि अधिग्रहण की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई, लेकिन इसके आगे कार्य नहीं बढ़ा। वहीं उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज कैथवली के भवन में खिड़की, दरवाजा, बोर्ड नहीं होने और पंचायत में बिजली का पोल व तार जर्जर होने की शिकायत की। वहीं मुड़ियारी मुखिया अजय भास्कर चौहान ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के प्रखंड कार्यालय में नहीं रहने की शिकायत की। लक्ष्मीपुर की सुशीला देवी, चंद्रावती देवी, सोना देवी, शारदा देवी, सुमेरपुर की कमलावती देवी, कुलदीपा की फुलकुमारी देवी समेत कई महिलाएं राशन कार्ड के लिए गुहार लगाने जनता दरबार पहुंची थी। वहीं बड़गांव की अनीता देवी ने आवेदन देकर आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

### भूमि विवाद में मारपीट, युवक घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में बुधवार को भूमि विवाद में एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की पहचान छोटन पांडेय के रूप में की गई। स्वजनों ने बताया कि मेरा दस धूर भूमि है। जिसे पट्टीदार जबरन ब्रिकी करने की बात कह रहे हैं,हमलोग अपनी जमीन बिक्री नहीं करना चाहते हैं, बुधवार की सुबह छोटन बथान में गया। उसके बाद कहा सुनी होने लगी और एक साजिश के तहत मारपीट कर छोटन को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।

### वार्ड में चलाया गया सदस्यता अभियान

**सिवान।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबलू साह की अध्यक्षता में सिवान विधानसभा के शक्ति केंद्र के साथ कई वार्ड में सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 450 लोगों को मोबाइल के माध्यम से आनलाइन भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा का सदस्य होना अपने आप में गौरव की बात है। राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी युवाओं को भाजपा का सदस्य बनना चाहिए। इस मौका पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के मृत्युंजय, नगर महामंत्री आलोक रंजन, रवि नायक, दीपू, गणेश कसेरा, सन्नी गुप्ता सैकड़ों युवाओं के साथ साथ पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### धनौती : पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव

**परवेज अख्तर/सिवान।** धनौती थाना क्षेत्र के पिठौरिया गांव में मंगलवार की संध्या एक पेड़ से लटका हुआ किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी ज्योती कुमारी के रूप में की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार जांच के क्रम में मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था।

## भाजपा कार्कताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

### महा सदस्यता अभियान के तहत आम लोगों को भी पार्टी से जोड़ा



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाई। और पार्टी के महा सदस्यता अभियान के तहत आम लोगों को भी सदस्य बनाया। गरखा प्रखण्ड के बुथ संख्या 229 एवं 230 उत्क्रमित मध्य विद्यालय साधपुर मे सदस्यता अभियान चलाकर सैकरो लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई।पार्टी के पूर्व विधायक ज्ञानचंद माझी ने आयोजित कार्यक्रम मे हिस्सा लिया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद महासदस्यता अभियान के तहत लोगों को सदस्य भी बनाया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हम कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। वहीं धार्मिक नगरी चिरान्द मे भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।

## ठगी के आरोपित को गिरफ्तार कर ले गई हरियाणा पुलिस

**सिसवन (सिवान)।** हरियाणा की पुलिस ने चैनपुर थाना के सहयोग से बुधवार को मुबारकपुर गांव में छापेमारी कर ठगी मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। गिरफ्तार युवक की पहचान मुबारकपुर निवासी अक्षेश्वर तिवारी के रूप में हुई है। गिरफ्तारी की पुष्टि चैनपुर पुलिस ने की है। हालांकि इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

## सीएसपी संचालक से लूट मामले में पुलिस को खाली हाथ

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रफीपुर कब्रगाह के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने एमएच नगर थाना क्षेत्र के तेलकथू निवासी सह एसबीआइ के सीएसपी संचालक मणिभूषण श्रीवास्तव को हथियार का भय दिखाकर करीब चार लाख रुपये व अन्य कागजात लूट ली थी। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात तीन बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। घटना के तीन बीतने के बावजूद भी आरोपितों की पहचान व गिरफ्तार करने में पुलिस विफल है।

## मारपीट मामले में दो महिला सहित चार नामजद

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना के तेलकथू में पूर्व के विवाद को लेकर हुई मारपीट में गांव के ही अभिलाष यादव की पत्नी पासपति देवी ने दो महिला समेत चार लोगों को आरोपित किया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है। पासपति देवी ने आरोप लगाया है कि 21 सितंबर की सुबह आठ बजे मैं अपने घर पर थी। तभी श्रवण यादव, जवाहर यादव, शोभा देवी व पूनम देवी दरवाजे पर आकर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। जब मुझे बचानी बहू सोनिया देवी आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो आरोपित गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)।** स्थानीय थाना की गश्त दल ने मंगलवार की शाम गायघाट व भरौली में छापेमारी कर अलग-अलग मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि अपहरण मामले में फरार चल रहे गायघाट निवासी रूबी खातून व कुर्की वारंटी मामले में फरार चल रहे भरौली निवासी अमरेश राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बिजली चोरी मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बिजली विभाग ने चार लोगों पर बिजली चोरी करने का मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा दिए गए आवेदन में थाना क्षेत्र के खम्हौरा में मिंटू शेख पर 25632 रुपये, मुन्ना सिद्दीकी पर 17408 रुपये, पसीवड़ निवासी मोहन महतो पर 18378 रुपये तथा भाऊ छपरा निवासी सुशीला देवी पर 14878 रुपये राजस्व क्षति का आरोप लगाया है। विभाग ने इन लोगों पर चोरी से बिजली जलाने का आरोप लगाया है।

## भैंस चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना की पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के धनखर निवासी रामू महतो के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पर भैंस चोरी करने का आरोप था। उसके बाद से वह फरार चल रहा था।

## सिवान : सहायक सुरक्षा आयुक्त ने किया जंक्शन का निरीक्षण

**परवेज अख्तर/सिवान।** सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ मुकेश कुमार पवार ने बुधवार को सिवान जंक्शन का औचक निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सुरक्षा आयुक्त कार्यालय पहुंचे। कार्यालय, मालखाना, एसआई कक्ष समेत पूरे पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जंक्शन पर हुए अपराधों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद रेलवे की सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। इस दौरान जंक्शन पर गाड़ी संख्या 15707, 15028, 02564, 18182, 15708,12554,14006, तथा प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, सेर्कुलटिंग पर जांच उनके द्वारा की गई। इसके बाद आरपीएफ पोस्ट पर जवानों और पदाधिकारियों को आगामी पर्व को देखते हुए रेल संपत्ति की सुरक्षा और रेल यात्रियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## भगवानपुर हाट : उप मुखिया के खिलाफ लगा अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**परवेज अख्तर/सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के बड़कागांव पंचायत भवन में बुधवार को उप मुखिया इनरावती देवी के खिलाफ वार्ड सदस्यों द्वारा लगाया गया अविश्वास प्रस्ताव पर प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में मत विभाजन हुआ। इस दौरान बराबर- बराबर मत मिलने के कारण प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक प्रवीन भास्कर ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उप मुखिया इनरावती देवी के खिलाफ वार्ड सदस्यों द्वारा 19 सितंबर को बीडीओ कुमार विशाल और पंचायत के मुखिया प्रिया सिंह को पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। इसके बाद बीडीओ के निर्देश पर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर 25 सितंबर की तिथि तय की गई थी। मुखिया प्रिया सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बैठक हुई। बैठक सभी वार्ड सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## सड़क निर्माण के दौरान हुई मारपीट में दो घायल

**दारौंदा (सिवान)।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत हड़सर पंचायत के धनौती गांव में विधायक की अनुशंसा पर ब्रह्म मांझी के घर से दुर्गा महतो के खेत तक छह लाख 35 हजार 900 रुपये की लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। बुधवार को निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीणों और ठेकेदार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार स्थानीय अस्पताल में लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में जीरादेई निवासी परमात्मा सिंह के पुत्र राजू सिंह और मैरवा के सिसवा बुजुर्ग निवासी कृष्ण कुमार सिंह के पुत्र अंकित कुमार सिंह शामिल हैं।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनी जयंती

**सिवान।** भाजपा जिला महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता की अध्यक्षता में शहर के आंबेडकर नगर स्थित बूथ संख्या 222 क्षेत्र अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न डा भीमराव आंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलने वाली वर्तमान केंद्र सरकार आम जन के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं को भाजपा सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी देवेंद्र गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूजा सिंह, पवन सिंह, आशीष अग्रवाल, विमला देवी, चांदमुनी देवी, पार्वती देवी, अमरावती देवी, सुमित्रा देवी, निर्मला देवी, रीना देवी आदि उपस्थित थे।